श्री बंशीधर नगर, बुधवार
03.12.2025
मार्गशीर्ष शुक्लपक्ष चतुर्दशी संवत 2082
वर्ष : 04, अंक : 103

**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 06:10 बजे
अस्त - 05:10 बजे

**तापमान**
अधिकतम : 26 डिग्री से.
न्यूनतम : 10 डिग्री से.

# बंशीधर न्यूज

कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...



डिजिटल अखबार www.banshidharnews.com

सरकार पर फंड रोकने का आरोप >> पेज 03
'धुरंधर' को सेंसर बोर्ड से मिली हरी झंडी >> पेज 05

**सुविचार**

आज आप जो दर्द महसूस करते हैं, वही कल आपकी ताकत बन जायेगा।

**न्यूज अपडेट्स**

### भूमिगत आग से जहरीली गैस का तेज रिसाव, ग्रामीणों में दहशत

**धनबाद।** धनबाद के कतरास स्थित बीसीसीएल एरिया-4 अंतर्गत अंगारपथरा स्थित बंद पड़े माँ अम्बे आउटसोर्सिंग के समीप मंगलवार को अचानक भूमिगत आग से जहरीली गैस का तेज रिसाव शुरू हो गया। लगातार उठ रहे काले, घने और तीखी दुर्गंध वाले धुएं ने ग्रामीणों की परेशानी बढ़ा दी है। पूरे क्षेत्र में धुआं फैलने से लोगों का जीना मुहाल हो गया है। ग्रामीणों के अनुसार सुबह से धुंध की मोटी परत छाई छाई है। कई घरों के भीतर तक धुआं भर जाने से बच्चों और बुजुर्गों को सांस लेने में कठिनाई हो रही है। आंखों में जलन, खांसी और घुटन जैसी समस्याएं लगातार बढ़ रही हैं। लोगों में इस स्थिति को लेकर भय और आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि भूमिगत आग का दायरा और बढ़ा तो पूरा इलाका गंभीर खतरे में पड़ सकता है। स्थानीय लोग प्रशासन और बीसीसीएल प्रबंधन से तत्काल कार्रवाई की मांग कर रहे हैं, ताकि फैल रहे खतरे पर समय रहते नियंत्रण पाया जा सके। वहीं, मौके पर पहुंचे बीसीसीएल अधिकारी ने बताया कि यहां पहले कोयले का अंडरग्राउंड माइंस चला करता था, उससे उत्पन्न मीथेन गैस का ऑक्सीजन के संपर्क में आने से स्वतः यह आग लगी है, जिसे बुझाने का प्रयास किया जा रहा है, जल्द ही इसपर नियंत्रण पा लिया जाएगा, साथ ही उन्होंने कहा कि बाघमारा क्षेत्र का हाल झारिया जैसा नही होगा, यहां आग किसी भी कीमत पर फैलने नहीं दिया जाएगा।

**छापा** सीए नरेश केजरीवाल से जुड़े ठिकानों पर एफइएमए के तहत ईडी रेड

# 65 लाख रु. नगद जब्त

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रांची के चर्चित चार्टर्ड अकाउंटेंट(सीए) नरेश केजरीवाल और उसके भाई इंदर लाल केजरीवाल और उससे जुड़े लोगों के रांची, मुंबई और सूरत स्थित ठिकानों पर छापा मारा। छापेमारी के दायरे में कुल 12 ठिकानों को शामिल किया गया है। इसमें रांची के सात, मुंबई के दो और सूरत के तीन ठिकानें शामिल है। ईडी ने फॉरेन एक्सचेंज मैनेजमेंट एक्ट (एफईएमए) के तहत नरेश केजरीवाल और उसके भाई इंदर लाल केजरीवाल के कार्यालय और आवासीय परिसों पर छापा मारा। अधिकारिक सूत्रों के अनुसार रांची में छापेमारी के दायरे में केजरीवाल के चर्च कंप्लेक्स स्थित कार्यालय और पंचवटी प्लाजा स्थित कार्यालय और लालपुर स्थित घर को शामिल किया गया है।



छापेमारी के दौरान 65 लाख रुपये नकद और 55 लाख रुपये के सोना चांदी के सिक्के मिले हैं। साथ ही हवाला के सहारे पैसों को विदेश भेजने से संबंधित सबूत मिले हैं। प्रवर्तन निदेशालय ने मंगलवार की सुबह छह बजे नरेश केजरीवाल और उससे जुड़े ठिकानों पर एफईएमए के तहत छापा मारा।

छापेमारी के दौरान गिरधर केजरीवाल के ठिकानों से 30 लाख रुपये नकद मिले। अजय केजरीवाल के ठिकानों से 10 लाख रुपये और इंदर केजरीवाल के ठिकानों से 25 लाख रुपये नकद मिले। इसके अलावा इंदर केजरीवाल के ठिकानों से 55 लाख रुपये के सोना-चांदी के सिक्के मिले हैं।

छापेमारी के दौरान मिली इन चीजों को जब्त कर लिया गया है। ईडी की ओर से एफईएमए के तहत की जांच के दौरान इस बात के सबूत मिले थे कि हवाला के सहारे विदेशों में बनी शेल कंपनियों में 1000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया।

साथ ही करीब इतनी ही रकम विदेशों से डिजिटल ट्रांसफर के सहारे मंगाया। यह प्रक्रिया काले धन को ह्वाइट करने की एक सुनियोजित प्रक्रिया के तहत की गयी है। जांच में पाया गया कि केजरीवाल और उससे संबंधित लोगों की ओर से हवाला के सहारे यूएई,यूएसए, नाईजेरिया सहित अन्य देशों में भेजने का काम किया जाता है।

ईडी ने नरेश केजरीवाल के खिलाफ आयकर विभाग की ओर से की गयी छापेमारी के दौरान मिले तथ्यों के आधार पर इस मामले में एफइएमए के तहत जांच शुरू की थी।

ईडी की ओर से की गयी प्रारंभिक जांच के दौरान केजरीवाल की ओर से विदेशों में धन निवेश किये जाने के सबूत मिले हैं। विदेशों में किये गये निवेश से जुड़े मामलों की जांच के दौरान नियमों का उल्लंघन किये जाने से संबंधित जानकारी मिली है। ईडी की ओर से की गयी प्रारंभिक जांच के दौरान सीए नरेश केजरीवाल की ओर से दुबई, अमेरिका सहित कुछ अन्य देशों में निवेश से संबंधित सबूत मिले हैं।

इसी के आधार पर ईडी ने एफईएमए के तहत इस सीए और उससे जुड़े लोगों के ठिकानों पर छापा मारा है। मामले की प्रारंभिक जांच के दौरान इस बात की जानकारी मिली केजरीवाल को रियल स्टेट और कोयले के कारोबार से संबंध है। नरेश केजरीवाल के भाई इंदर लाल केजरीवाल देबुका कंस्ट्रक्शन एंड डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक रहे हैं। इंदर लाल केजरीवाल का संबंध 11 कंपनियों से है। इसमें के फिलामेंट प्राइवेट , श्री श्याम एंब्रॉयडरी प्राइवेट सहित अन्य कंपनियां शामिल हैं।

## स्वास्थ्य उपकेंद्रों के लिए जमीन चिन्हित करने में लाएं तेजी : सचिव

**रांची।** स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने राज्य के सभी जिलों को स्वास्थ्य उपकेंद्रों के लिए जमीन चिन्हित करने और चिकित्सा उपकरणों की खरीद प्रक्रिया में तेजी लाने का निर्देश दिया है। उन्होंने मंगलवार को नेपाल हाउस में आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए आयोजित बैठक में सभी



जिलों के सिविल सर्जनों से प्रगति रिपोर्ट मांगी।

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव ने चेतावनी देते हुए कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण में किसी प्रकार की देरी स्वीकार्य नहीं होगी और हर जिला समय पर योजनाओं का निपटारा करें।

सचिव ने कहा कि कई जिलों ने जमीन चिन्हित कर ली है, जबकि कुछ जिलों में प्रक्रिया लंबित है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि जिन जिलों में जमीन अभी चिन्हित नहीं हुई है, वे अधिकतम दो दिनों के भीतर चिन्हित कर रिपोर्ट विभाग को सौंपें। इसके साथ ही उन्होंने 15वें वित्त आयोग की राशि से अस्पतालों और सीएचसी में आवश्यक मशीनें उपलब्ध कराने पर भी सचिव ने जोर दिया। उन्होंने कहा कि जिलों की ओर से ईसीजी, सीटी स्कैन, एमआरआई सहित अन्य जरूरी उपकरणों की वास्तविक आवश्यकता की विस्तृत रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाए, ताकि राज्य स्तर से मशीनों की खरीद कर उन्हें जिलों को भेजा जा सके। बैठक में विभाग के उप सचिव ध्रुव प्रसाद सहित अन्यख अधिकारी-पदाधिकारी मौजूद थे।

## 102 वर्ष में भी फिट शांति देवी बनीं परिवार का सहारा

**रांची :** मां-बाप हमारे जीवन के सबसे अनमोल उपहार हैं। उनका त्याग, दुलार व साथ हमें जीवन की हर मुश्किल से लड़ने की ताकत प्रदान करता है। खिलनगंज गली न.ऐ रोहतास सासाराम निवासी शांति देवी पति स्व. देवेंद्र नाथ दुबे, एक ऐसी शख्सियत हैं, जिन्होंने अपने जीवन में उम्र की बाधाओं को पार करते हुए परिवार को सही राह दिखायी और मुश्किल समय में सहारा भी बनी। इसके अलावा उन लोगों के लिए प्रेरणा बनी हैं,जो उम्र को एक बाधा मानते हैं। शांति देवी लोगों को अपने लक्ष्यों को हासिल करने के लिए भी प्रोत्साहित करती है। अपनी घरेलु काम खुद करती है। पेंशन के पैसे बैंक से निकाले का भी काम वो खुद करती है।



### सादगी, सरलता व स्वच्छता की मिसाल

सादगी, सरलता व स्वच्छता की मिसाल शांति देवी का जीवन लोगों की सेवा में समर्पित है। अपने जीवन के 102 वसंत पूरा करने वाली शांति देवी युवाओं जैसा उत्साह, लगन और सामाजिक सेवा में तत्पर हैं। कहते हैं कि बच्चें अपने माता-पिता के लिए और उनके जीवन की अंतिम अवस्था में उनका समर्थन करते हैं। बेटा गोपाल दुबे अब नहीं रहे। बेटी रतना मिश्रा (बेबी), बहु कल्याणी देवी, पोता अनुज दुबे, पोती अंकीता कुमारी, संतोष पांडेय व सुनीता देवी बुढ़ापे में उनका सहारा बने हुए हैं। उनका मानना हैं कि अगर दृढ़ संकल्प और मेहनत हो तो कुछ भी असंभव नहीं है। जीवन में कुछ भी हासिल करने के लिए कभी भी देर नहीं होती है। उनकी दिनचर्या बहुत अनुशासित है। वह हेल्दी लाइफ जीते हुए आज भी शारीरिक और मानसिक रूप से फिट हैं। साथ ही परिवार के लिए एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। एक लंबी जिंदगी जीने के कारण, उनके पास जीवन का बहुत अनुभव है। मुश्किल समय में परिवार के लिए सहारा बनी हुई हैं।

**प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव पीके मिश्रा ने एना माइन्स प्रोजेक्ट का किया भ्रमण**

# विस्थापितों की समस्याओं पर चर्चा

**धनबाद।** प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव सह राज्य के अतिथि डॉ प्रमोद कुमार मिश्रा, चेयरमैन कोल इंडिया सनोज कुमार झा तथा डायरेक्टर पीएमओ पार्थिबन पी. ने मंगलवार की देर शाम धनबाद स्थित एना माइन्स प्रोजेक्ट का भ्रमण किया।

इस दौरान उपायुक्त आदित्य रंजन ने बेलगड़िया टाउनशिप में चल रहे विकास कार्यों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि पुनर्वास में विस्थापितों को उत्तम सुविधाए, विभिन्न



योजनाओं का लाभ और उन्हें उनका अधिकार मिल सके, इसको लेकर कार्य किये जा रहें हैं, ताकि विस्थापितों को किसी तरह की कोई परेशानी नहीं हो।

इस दौरान प्रधान सचिव डॉ प्रमोद कुमार मिश्रा ने विस्थापितों से भी बातचीत कर चल रहे कार्यों तथा समस्याओं की जानकारी ली। साथ ही रोजगार, स्किल डेवलपमेंट ट्रेनिंग के प्रति टाउनशिप के विस्थापितों से अपेक्षा भी जानने का प्रयास किया, ताकि उन्हें अन्य रोजगार के साधन उपलब्ध कराए जा सके। मौके पर उपस्थित लोगों ने उन्हें 20 ई-रिक्शा वितरण को लेकर भी आभार प्रकट किया। माननीय प्रधान सचिव ने ई-रिक्शा पर बैठ कर उनका हौसला बढ़ाया।

प्रधान सचिव डॉ प्रमोद कुमार मिश्रा ने उपायुक्त आदित्य रंजन को बेलगड़िया टाउनशिप में रह रहे विस्थापितों को बेहतर से बेहतर व्यवस्था, रोजगार, शिक्षा तथा स्वास्थ्य सुविधाओं तथा सरकार की महत्वाकांक्षी योजना का लाभ देने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

मौके पर एसएसपी प्रभात कुमार, भारत कोकिंग कॉल लिमिटेड के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक मनोज कुमार अग्रवाल के अलावा अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।



# झारखंड के 1,61,55,740 मतदाताओं की मैपिंग सम्पन्न

**रांची।** झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि राज्य में वर्तमान मतदाता सूची के मतदाताओं की पिछली एसआईआर के मतदाता सूची से मैपिंग के क्रम में 1 करोड़ 61 लाख 55 हजार 740 मतदाताओं की मैपिंग की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि (अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत) एएसडी सूची में 12 लाख मतदाताओं को सूचीबद्ध किया गया है। इसके साथ ही मतदाता सूची के मैपिंग के अन्य कार्य प्रगति पर है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने मंगलवार को निर्वाचन सदन में कम पैतृक मैपिंग करने वाले विधानसभा क्षेत्र के ईआरओ एवं सभी उप निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि पिछली विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद राज्य में अन्य राज्यों से आए मतदाता एवं जिन मतदाताओं की पिछली एसआईआर वाले मतदाता सूची से मैपिंग में कठिनाई आ रही है उनकी संबंधित राज्य के सीईओ वेबसाइट अथवा भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट का उपयोग करते हुए मैपिंग सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि कम परफॉर्मेंस वाले बीएलओ (बूथ लेवल अधिकारी) को चिन्हित करते हुए बैचवार ट्रेनिंग दें। इसके साथ ही मतदाताओं को भी पैतृक मैपिंग की प्रक्रिया की जानकारी उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि वैसे बीएलओ जो पिछली एसआईआर के मतदाता सूची से मतदाता का विवरण नहीं ढूंढ पा रहे वे अपने जिले मुख्यालय के हेल्पडेस्क मैनेजर से संपर्क कर सहायता प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने ईआरओ एवं उप निर्वाचन पदाधिकारियों से कहा कि बीएलओ को कार्यक्षेत्र में आने वाली कठिनाइयों का आंकलन करते हुए उनकी सहायता करें, जिससे वे पैतृक मैपिंग के कार्य को आसानी से कर पाएं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा है कि मैपिंग करते समय (अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत) एएसडी सूची से भी मिलान अवश्य करें। उन्होंने कहा कि वर्तमान मतदाता सूची के मतदाताओं का पैतृक मैपिंग का कार्य को प्राथमिकता देते हुए करें। अधिक से अधिक पैतृक मैपिंग से एसआईआर के समय कम से कम मतदाताओं को दस्तावेज समर्पित करना पड़ेगा एवं प्रक्रिया में आसानी आएगी। उन्होंने कहा कि एसआईआर के दौरान कोई भी योग्य मतदाता मतदाता सूची से छुटे नहीं इसे ध्यान में रखकर कार्य करें। बैठक में संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, नोडल पदाधिकारी देव दास दत्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज कुमार ठाकुर सहित सभी जिलों के ईआरओ एवं उप निर्वाचन पदाधिकारी उपस्थित थे।

## न्यूज अपडेट्स

### सुखदेव नगर थाना प्रभारी व मुंशी सस्पेंड

**रांची।** राजधानी रांची के सुखदेव नगर थाना प्रभारी अशोक कुमार को एसएसपी राकेश रंजन ने तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है। एसएसपी ने थाने के मुंशी परशुराम को भी निलंबित कर दिया है। रांची आईजी मनोज कौशिक ने थानेदार और मुंशी के सस्पेंड होने की पुष्टि की है। गत 29 नवंबर को रांची के सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के किशोरगंज रोड नंबर 5 में शादी की खुशियां अचानक मातम में बदल गई थी। दरअसल, नितेश पांडेय नामक युवक जो रेलवे में कार्यरत था उसकी शनिवार को ही शादी थी, लेकिन इससे पहले ही किशोरगंज से रोड नंबर 05 स्थित नितेश पांडेय ने अपने ही कमरे में खुदकुशी कर ली। नितेश द्वारा आत्महत्या को लेकर परिजनों ने सुखदेवनगर पुलिस पर बड़ा आरोप लगाया था। नितेश के भाई नीरज पांडेय ने बताया था कि 26 नवंबर को उसका तिलक था। इसी बीच प्रियंका नाम की एक लड़की ने उस पर यौन शोषण का आरोप लगाकर केस कर दिया। थाना से बिना किसी जांच के नितेश को हिरासत में ले लिया। इसके बाद उसे छोड़ने के लिए वरीय पुलिस अधिकारियों को मैनेज करने के नाम पर दस लाख रुपये भी वसूले गए। नीरज पांडेय ने बताया कि थाने के मुंशी परशुराम कभी एक लाख तो कभी दो लाख की मांग करता था। कभी सिटी एसपी, तो कभी कोतवाली डीएसपी के नाम पर पैसे की मांग की जाती थी। थाने से छोड़ने के बावजूद आरोप लगाने वाली लड़की उसे बहुत परेशान कर रही थी, जिसकी वजह से उसने आत्महत्या कर ली। रांची के सुखदेव नगर थाना क्षेत्र में बारात निकलने से ठीक पहले दूल्हे के खुदकुशी करने के मामले में झारखंड पुलिस मुख्यालय ने गंभीर रुख अपनाया। सोमवार को डीजीपी तदाशा मिश्रा ने मामले की जांच के लिए रांची आईजी मनोज कौशिक को जिम्मेदारी दी थी। साथ ही आरोपित पुलिसकर्मियों को तत्काल लाइन हाजिर करने का भी आदेश जारी किया था। पुलिस मुख्यालय की ओर से रिलीज में बताया गया था कि मीडिया में आई खबर बारात निकलने से ठीक पहले दूल्हे के द्वारा खुदकुशी को लेकर पुलिस महानिदेशक ने संज्ञान लेते हुए रांची के प्रक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक और वरीय पुलिस अधीक्षक को कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिये थे।

## कृषि

### 45वीं रबी अनुसंधान परिषद की बैठक, वीसी ने कहा

# फसल के किस्मों का करें विकास

**रांची।** प्रख्यात कृषि वैज्ञानिक और महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर के पूर्व कुलपति डॉ एसएस चहल ने वैज्ञानिकों से आग्रह किया है कि वे पानी का कुशल उपयोग करने वाली और उच्च पोषक तत्वों वाली जैव-संवर्धित फसल किस्मों के विकास पर काम करें, ताकि देश में पोषण सुरक्षा की चुनौतियों का सामना किया जा सके। उन्होंने कहा कि देश अब खाद्य सुरक्षा से आगे बढ़ चुका है और शोध को दलहन, तिलहन, सब्जियां, फल और मसालों जैसी उच्च गुणवत्ता और उच्च उपयोगिता वाली फसलों पर केंद्रित करने की आवश्यकता है, जिससे किसानों की आय बढ़ सके। डॉ चहल मंगलवार को बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) की 45 वीं रबी अनुसंधान परिषद की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र विशेष की जरूरतों और समस्याओं पर आधारित और प्रणाली-संवेदनशील शोध की आवश्यकता है, जो व्यावहारिक और क्षेत्र के किसानों के लिए स्वीकार्य हो।



### झारखंड में बीज प्रतिस्थापन दर महज 15-20 प्रतिशत

डॉ चहल ने खेद व्यक्त करते हुए कहा कि झारखंड में बीज प्रतिस्थापन दर मुश्किल से 15-20 प्रतिशत है, जबकि पंजाब और हरियाणा में यह 60-70 प्रतिशत है। इस क्षेत्र में झारखंड को आत्मनिर्भर बनाने के लिए बीएयू, केवीके और राज्य सरकार की मशीनरी को गुणवत्तापूर्ण बीज उत्पादन के लिए एकजुट होना चाहिए। उन्होंने वैज्ञानिकों से आग्रह किया कि वे राष्ट्रीय बीज विधेयक में सुधार के लिए अपने सुझाव दें, जो 8 दिसंबर तक सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध है और वर्तमान संसद सत्र में पेश किया जा सकता है। कार्यक्रम में झारखंड सरकार के कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के विशेष सचिव गोपालजी तिवारी ने वैज्ञानिकों से आग्रह किया कि राज्य की कृषि को उत्पादन-केंद्रित के बजाय आय-केंद्रित बनाया जाए, क्योंकि झारखंड में कृषक परिवार की औसत आय राष्ट्रीय औसत की लगभग 50 प्रतिशत ही है। कृषि अनुसंधान एवं विकास दृष्टिकोण सामाजिक-सांस्कृतिक रूप से स्वीकार्य, आर्थिक रूप से अनुकूल और राजनीतिक रूप से न्यायोचित होना चाहिए। उन्होंने कहा कि केवीके वैज्ञानिकों को विशेष फसलों के बड़े पैमाने पर उत्पादन के लिए गांवों के समूह विकसित करने चाहिए, जिससे उन जिलों की पहचान बन सके। सचिव ने कहा कि राज्य सरकार ऐसे प्रस्तावों को जमीन पर लाने के लिए हर संभव सहायता देगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि हमारे प्रयास प्रक्रिया-केंद्रित नहीं, बल्कि परिणाम-केंद्रित होना चाहिए।

### झारखंड में राष्ट्रीय औसत से कम है बीज प्रतिस्थापन दर : कुलपति

वहीं बीएयू के कुलपति डॉ एससी दुबे ने राज्य में बीज उत्पादन संरचना को मजबूत करने और झारखंड राज्य बीज नीति के क्रियान्वयन की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि झारखंड में दालों की उत्पादकता राष्ट्रीय औसत से अधिक है, जबकि बीज प्रतिस्थापन दर, उर्वरक और कीटनाशकों का उपयोग कम है और सिंचाई सुविधाएं भी सीमित हैं। ऐसे में रबी के दौरान विशेष रूप से धान कटाई के बाद खाली पड़ी भूमि (राइस फॉलो) को दलहन उत्पादन के लिए प्रयोग में लाए जाने की जरूरत है। अतिथियों का स्वागत करते हुए निदेशक अनुसंधान डॉ पीके सिंह ने प्रमुख शोध उपलब्धियों का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि बीएयू वैज्ञानिकों की ओर से विकसित अनाज, दलहन, तिलहन और चारा फसलों की 10 किस्में जारी करने के लिए चिह्नित की गई हैं और प्रस्ताव राज्य वेराइटल रिलीज कमिटी को भेजा जाएगा। इस अवसर पर दो प्रगतिशील किसान चतरा के मायराल के नारायण यादव और रांची के लालगुटुवा की संगीता तिग्गा को अभिनव खेती में विशेष योगदान के लिए सम्मानित किया गया कार्यक्रम का संचालन शशि सिंह ने किया। इस अवसर पर बीएयू के कई शिक्षक और छात्र सहित अन्य मौजूद थे।

# नये रूप में दिखेगा महामृत्युंजय महादेव मंदिर हिनू

### 20 लाख रु. की लागत से अगले तीन माह में तैयार होगा मंदिर

**रांची :** भक्तों की आस्था का प्रतीक महामृत्युंजय महादेव मंदिर शिवपूरी हिनू अब नये रूप में दिखने वाले है। गुंबज का जीर्णोद्धार कार्य शुरू है। जिसकी भव्यता दूर से ही दिखाई देगी। प्रभू के प्रति आस्था का आध्यात्मिक भाव दिखने को मिलेगा। नये रूप के सौंद्रयीकरण से आध्यात्मिक वातावरण तैयार होगा। ज्ञातव्य है कि राजधानी हिनू में स्थापित यह शिवालय के प्रति लोगों का अटूट विश्वास है।



### मंदिर के गुंबज की उंचाई 31 फीट

मंदिर के गुंबज की उंचाई 31 फीट और मंदिर की उंचाई लगभग 40 फीट होगी। जिसका निर्माण कार्य चल रहा है। इसके लिए महाराष्ट से कारीगर मंगाए जा रहे हैं। शिवपूरी हिनू के सामाजिक विचारक अरविंद उपाध्याय ने बताया कि लगभग 20 लाख रुपये की लागत से इस मंदिर का पुनर्निर्माण किया जा रहा है। जो राजधानी के श्रद्धालुओं के लिए आस्था का केंद्र बनेगा। वहीं, चंदा सिंह व हेमा देवी ने कहा कि मंदिर अगले दो-तीन माह में बनकर तैयार होगा। इसके लिए मंदिर का पुनर्निर्माण कार्य की गतिशीलता बढ़ा दी गयी है।

### मारवाड़ी धर्मशाला का नाम यथावत रखे प्रशासन : सुरेशचंद्र

**रांची।** झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन ने लोहरदगा के उपायुक्त डॉ कुमार ताराचंद्र को ज्ञापन भेजकर सन् 1945 से मारवाड़ी समाज की ओर से संचालित खेमराज स्मृति भवन मारवाड़ी धर्मशाला का नाम यथावत रखने और इसे वंशजों के कब्जे से मुक्त कराकर समाज को वापस दिलाने की मांग की है। प्रांतीय अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल और महामंत्री विनोद कुमार जैन ने उपायुक्त को पत्र लिखकर इस बाबत कार्रवाई करने की मांग की है। सुरेश चंद्र ने बताया कि धर्मशाला दानदाताओं ने समाज को जनसेवा के उद्देश्य से दी गई थी और तब से यहां स्वास्थ्य शिविर, शिक्षा, खेल, धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम लगातार आयोजित होते रहे हैं। उन्होंने बताया कि 25 नवंबर 2018 को वंशजों के पुत्रों ने जबरन धर्मशाला का ताला तोड़कर कब्जा कर लिया और भवन पर लिखे सन् 1945 और धर्मशाला जैसे ऐतिहासिक चिन्हों को क्षतिग्रस्त कर दिया। मामला कोर्ट में गया जहां 26 अगस्त 2021 को अनुमंडल पदाधिकारी ने मारवाड़ी समाज के पक्ष में फैसला दिया, लेकिन विपक्ष ने हाई कोर्ट में याचिका दायर कर दी, जो विचाराधीन है। वहीं नगर परिषद की ओर से धर्मशाला का नाम बदलने संबंधी विज्ञापन जारी किया गया है, जिसके विरोध में सम्मेलन ने रोक लगाने की मांग की है। संयुक्त महामंत्री सह प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि ज्ञापन की प्रतिलिपि नगर परिषद और अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन, कोलकाता को भी भेजी गई है।

### कौशल प्रतियोगिता-सह -प्रदर्शनी में 59 विद्यालयों के बच्चों ने लिया भाग



**रांची।** जिले के 59 सरकारी उच्च और उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में विभिन्न 10 ट्रेडों में संचालित व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत वर्ग 9 से 12 वीं के विभिन्न ट्रेड में अध्ययनरत बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का आयोजन अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय (जिला स्कूल) रांची के सभागार में मंगलवार को किया गया। इस प्रतियोगिता में 10 अलग-अलग ट्रेड में लगभग 350 बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम में बच्चों ने अपने-अपने ट्रेड में मॉडल का प्रदर्शन किया। कई बच्चों ने साइबर सिक्योरिटी और एप डेवलप करने का भी प्रदर्शन किया। कई बच्चों की ओर से रिटेल मैनेजमेंट और अपेरीयल डिजाइनिंग में भी अलग-अलग मॉडल प्रदर्शित किया गया। मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी विनय कुमार की ओर से प्रतियोगिता में बच्चों की ओर से निर्मित मॉडल का अवलोकन किया और बच्चों का मार्गदर्शन किया गया एवं पारितोषिक दिया गया। जिला स्तर पर प्रतियोगिता के आयोजन में प्रभाग प्रभारी सतीश कुमार मिश्र, अखिलेश कुमार, सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी पंकज कुमार और जिला स्तर पर कोऑर्डिनेटर वीरेंद्र कुमार का सहयोग सराहनीय रहा। वहीं 10 ट्रेड के विजेता बच्चों को प्रथम द्वितीय और तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। प्रथम पुरस्कार प्राप्त करने वाले बच्चे 23 दिसंबर को राज्य स्तर पर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। सभी बच्चों को बधाई और सफलता का टिप्स दिया गया ताकि वह आगे अच्छा प्रदर्शन कर सकें। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने सभी बच्चों को नई-नई सोच के लिए प्रेरित किया और अगली प्रदर्शनी में अपने आसपास के कठिनाइयों के समाधान के लिए नए प्रोजेक्ट तैयार करने पर बल दिया।

### झारखंड में चक्रवाती तूफान दितवाह का प्रभाव हुआ खत्म, मौसम साफ

**रांची।** बंगाल की खाडी में उठा चक्रवाती तूफान दितवाह कमजोर पड गया है। इससे चक्रवाती तूफान का प्रभाव मंगलवार को समाप्त हो गया। इससे रांची सहित राज्या के सभी जिलों में मौसम पूरी तरह से साफ हो गया। यह जानकारी मौसम विभाग ने मंगलवार को दी। मौसम साफ होने से रांची में तापमान में आंशिक गिरावट दर्ज की गई और सुबह में भारी कनकनी महसूस की गई। हालांकि दोपहर में धूप में तल्खी महसूस की गई, लेकिन इसके बाद आसामन में आंशिक बादल छा गए। इससे कनकनी में पुनः वृद्धि हो गई। वहीं सुबह और देर रात में कुहासा छाया रहा। इधर, पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान गोडडा में 27.3 डिग्री और सबसे कम तापमान खूंटी में 9.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग ने बताया कि रांची सहित राज्य के कई जिलों में आनेवाले दिनों में तडके सुबह और रात में मध्यम दर्जे का कुहासा छाया रहेगा। उल्लेखनीय है कि चक्रवाती तूफान दितवाह के चलते रांची सहित राज्य भर में मंगलवार को बादल छाये हुए थे। इससे अधिकतम तापमान में तीन डिग्री की गिरावट दर्ज की गई थी जो सामान्य तापमान से तीन डिग्री कम था।

### वोट चोर गद्दी छोड़ रैली में झारखंड से पांच हजार कार्यकर्ता होंगे शामिल : कमलेश

# 14 को दिल्ली में निकाली जायेगी कांग्रेस की रैली

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की अध्यक्षता में मंगलवार को रांची के कांग्रेस भवन में हुई।

बैठक में आगामी 14 दिसंबर को दिल्ली में होने वाली वोट चोर गद्दी छोड़ रैली की तैयारी को लेकर चर्चा हुई। रैली में अधिक से अधिक कार्यकताओं की भागीदारी झारखंड से हो इस पर जिलावार समीक्षा की गई। साथ ही झारखंड में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) के तहत होने वाले मतदाता पुनरीक्षण की प्रक्रिया का विरोध करने पर भी चर्चा की गई।




इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि केंद्र सरकार की जिम्मेदारी लोगों के अधिकारों की रक्षा करना है, लेकिन अपनी जिम्मेदारी को पूरा करने की जगह सरकार अधिकारों को छीन रही है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग के माध्यम से देश में एसआइआर के जरिए विपक्ष के समर्थक मतदाताओं के नाम काटे जा रहे हैं और फर्जी मतदाताओं का नाम जोड़कर राज्यों के चुनाव की चोरी की जा रही है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आम जनता एसआइआर की जटिल प्रक्रिया नहीं समझ पा रही है और लोग दशकों पूर्व के कागजात खोजने में परेशान हैं। उन्होंने कहा कि काम के दबाव में बीएलओ आत्महत्या करने को विवश हैं। कांग्रेस पार्टी ऐसी स्थिति को बर्दाश्त नहीं कर सकती है। हमलोग एसआइआर का पूरजोर विरोध करेंगे। उन्होंने बताया कि 14 दिसंबर की रैली में झारखंड से पांच हजार लोग शिरकत करेंगे। बैठक में जूम के मध्यम से सभी जिला अध्यक्ष उपस्थित रहे। बैठक में मंत्री दीपिका पांडे सिंह, बंधु तीर्की, शहजादा अनवर, जलेश्वर महतो, डॉ रामेश्वर उरांव, बन्ना गुप्ता, अनादि ब्रह्म, ब्रजेंद्र सिंह, सुल्तान अहमद, भीम कुमार सहित अन्य अपस्थित थे।




# विहिप और बजरंग दल का पथ संचलन 6 दिसम्बर को

बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल की बैठक जिला कार्यालय में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 06 दिसंबर को बजरंग दल के नेतृत्व में पथ संचलन निकाला जायेगा। संचलन के लिये एकत्रीकरण संस्कृत महाविद्यालय मेदिनीनगर के प्रांगण में साढ़े दस बजे किया जायेगा। तत्पश्चात सम्मत, ध्वजारोहण और बजरंग दल प्रार्थना का गायन और बौद्धिक होगा। साढ़े ग्यारह बजे पथ संचलन का शुभारंभ होगा। बैठक में संचलन के दौरान सुरक्षा और मार्ग व्यवस्था की जिम्मेवारी विवेक सिंह, विकाश कुमार कश्यप, रौशन कुमार, सर्वेश आनंद और रूपेश कुमार को दी गई। स्वागत सत्कार और आगंतुकों को तिलक लगवाने की जिम्मेदारी अजीत पाठक, गोपाल तिवारी और घनश्याम गुप्ता संभालेंगे। पार्किंग व्यवस्था की जिम्मेवारी पप्पू लाठ और रवि तिवारी की होगी। मंच की व्यवस्था विकास कुमार कश्यप, देवराज शर्मा और सुरेश वर्मा के जिम्मे होगी। अल्पाहार व्यवस्था देखने की जिम्मेवारी गोपाल तिवारी और सुरेश वर्मा की होगी। कार्यक्रम संयोजक की जिम्मेदारी जिला मंत्री अमित तिवारी, बजरंग दल जिला संयोजक संदीप प्रसाद गुप्ता, सहसंयोजक सोनू सिंह और हिमांशु पांडेय संभालेंगे। बैठक की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष अजीत पाठक व संचालन बजरंग दल संयोजक संदीप प्रसाद गुप्ता ने किया।

**न्यूज अपडेट्स**

## ट्रैक्टर-बाईक की टक्कर में दो युवक गंभीर

**कांडी :** थाना क्षेत्र अंतर्गत कांडी-मझिआंव मुख्य पथ पर स्थित कांडी पावर ग्रिड के समीप सोमवार की मध्य रात्रि एक ट्रैक्टर और बाईक के बीच जबरदस्त टक्कर हो गई, जिसमें बाईक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। दुर्घटना के तुरंत बाद घायलों को रेफरल अस्पताल मझिआंव ले जाया गया। अस्पताल में डॉक्टर वीर प्रताप सिंह ने घायल अभिषेक पासवान (उम्र 22 वर्ष, डुमरसोता निवासी) और मुकेश शर्मा (उम्र 24 वर्ष, भीतवा, डुमरसोता निवासी) का प्राथमिक उपचार किया। डॉक्टर ने बताया कि घायलों के सर में गंभीर चोटें आई हैं और बेहतर इलाज के लिये उन्हें तुरंत गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। दोनों युवकों में से एक की स्थिति काफी गंभीर बनी हुई है। डॉक्टर ने यह भी बताया कि दोनों युवक नशे में थे और वे अपने पिता का नाम भी नहीं बता पाये, अस्पताल लाने वाले व्यक्ति के रूप में सोनू कुमार का नाम दर्ज किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार गंभीर रूप से घायल अभिषेक पासवान को गढ़वा से रांची रेफर कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दुर्घटना तब हुई जब ट्रैक्टर लमारी की ओर से आ रहा था और बाईक सवार कांडी से लंबा रिजल्ट की ओर जा रहे थे, तभी पावर ग्रिड के पास दोनों में जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर के बाद ट्रैक्टर ड्राईवर मौके से फरार हो गया। बताया गया है कि ट्रैक्टर कोरगाई गांव निवासी चंद्रशेखर सिंह का है और वह बालू अनलोड कर जा रहा था। इस दुर्घटना में बाईक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के संबंध में थाना प्रभारी अशफाक आलम ने बताया कि दुर्घटना के बाद दोनों वाहनों को जब्त कर थाना लाया गया है और किसी के द्वारा अभी तक आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है, आवेदन मिलते ही विधिसम्मत कार्रवाई की जायेगी।

**मेराल** ढाई हजार के मानदेय पर मुखिया संघ नाराज

# सरकार पर फंड रोकने का आरोप

बंशीधर न्यूज



**मेराल :** गढ़वा जिला मुखिया संघ की बैठक मंगलवार को प्रखंड परिसर स्थित पंचायत सचिवालय के सभागार में जिलाध्यक्ष शरीफ अंसारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें जिले के दर्जनों मुखिया ने हिस्सा लिया। बैठक का मुख्य केंद्र बिंदु जिला प्रशासन द्वारा बीते दिनों अनियमितता के आरोप में मनरेगा कर्मियों और मुखिया पर की गई कार्रवाई से उपजा आक्रोश रहा। सभी मुखिया ने एक स्वर में जिला प्रशासन के इस रवैये की कड़ी आलोचना की और आरोप लगाया कि इस कार्रवाई के कारण जिले में मनरेगा कार्य पूरी तरह से बंद हो गया है, जिससे ग्रामीणों का पलायन हो रहा है। मौके पर जिलाध्यक्ष शरीफ अंसारी ने अपनी बात रखते हुये कहा कि पंचायती राज और वित्त आयोग में फंड उपलब्ध न होने के कारण पंचायत में विकास कार्य पूरी तरह से ठप है। उन्होंने झारखंड सरकार पर नाराजगी व्यक्त करते हुये कहा कि पंचायत को फंड नहीं दिया जा रहा है और समाज सेवा करने वाले मुखिया को केवल मंईयां सम्मान योजना के बराबर ढाई हजार रुपये का मानदेय देना न्यायोचित नहीं है। उन्होंने जिला प्रशासन से निलंबन वापस करने और विकास कार्यों में सहयोग करने की अपील की। मेराल प्रखंड अध्यक्ष रामसागर महतो ने विकास कार्यों की दयनीय स्थिति पर प्रकाश डालते हुये कहा कि विगत डेढ़ वर्ष से पंचायत में विकास ठप है और वे जनता की मांग पर एक चापानल का मरम्मत तक नहीं करा पा रहे हैं। मुखिया अनिल चौधरी ने जांच के नाम पर जनप्रतिनिधियों और कर्मियों को परेशान करने का आरोप लगाया, जिससे लोगों में भय का माहौल व्याप्त है। रक्सी पंचायत की मुखिया अंजू देवी ने फंड के अभाव में छोटे से छोटे काम भी न कर पाने पर जनता की उम्मीद टूटने का दुख जताया। मुखिया अजय प्रसाद गुप्ता, मनदीप सिंह, धर्मराज भारती, हरेंद्र चौधरी समेत अन्य सदस्यों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि अगर जिला प्रशासन के रवैये में सुधार नहीं हुआ तो वे बाध्य होकर चरणबद्ध आंदोलन करेंगे और जिला प्रशासन को चैन से सोने नहीं देंगे। मुखिया संघ ने पंचायत सेवक और रोजगार सेवक को हर तरह से सहयोग करने का आश्वासन भी दिया। बैठक में रमेश कुमार पासवान, सुनीता देवी, राजेंद्र चौधरी, गोपाल कुमार यादव, सुरेंद्र गोस्वामी, मुन्ना राम, कृष्णकांत सिंह, मनीषा देवी, जगजीवन रवि, अनंत कुमार पांडेय आदि उपस्थित थे।

## स्कॉर्पियो दुर्घटनाग्रस्त, दारू की पेटियां लेकर भाग निकले सवार

बंशीधर न्यूज



**रमना :** मंगलवार तड़के करीब 3 बजे एनएच-39 पर यहां मध्य विद्यालय बहियार खुर्द के समीप एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगी रेलिंग में जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि वाहन का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और वह रेलिंग को चीरते हुये लगभग 30 फीट आगे जाकर रुका। बताया जा रहा है कि स्कॉर्पियो श्री बंशीधर नगर से गढ़वा की ओर जा रही थी। स्थानीय लोगों के अनुसार इस वाहन में आधा दर्जन से अधिक पेटियों में देसी दारू लदी हुई थी। तेज आवाज सुनकर जब ग्रामीण मौके पर जुटे तो चालक और सवार दारू सहित पहले ही गायब हो चुके थे। ग्रामीणों के बीच इस बात की भी चर्चा जोरों पर रही कि उन्होंने शराब की पेटियों पर हाथ साफ कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही रमना थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने जांच की, लेकिन वाहन से कोई शराब बरामद नहीं हुई। हालांकि भीड़ और अफरा-तफरी का फायदा उठाकर चालक और अन्य स्कॉर्पियो सवार दूसरे बोलेरो वाहन से फरार होने में सफल रहे। पुलिस ने क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त स्कॉर्पियो को जब्त कर लिया है और अनुसंधान शुरू कर दिया है। फरार चालक और अन्य लोगों की तलाश में पुलिस अब लगातार छापेमारी कर रही है।

## विद्यार्थी की 75 प्रतिशत उपस्थिति व नियमित हो कक्षा संचालन : अभाविप



**मेदिनीनगर :** अभाविप के जीएलए कॉलेज इकाई ने कॉलेज अध्यक्ष चीतेश पांडेय के नेतृत्व में आज कालेज के प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा। परिषद सदस्यों ने नये पाठ्यक्रम के अनुसार सभी नये विषय का नियमित कक्षा संचालन, शौचालय की व्यवस्था शीघ्र करने, परिसर की प्रतिदिन साफ-सफाई के साथ ही विद्यार्थियों की उपस्थिति 75 प्रतिशत अनिवार्य किये जाने आदि की मांग शामिल है। साथ ही ज्ञापन में कॉलेज में एक सूचना एवं पूछताछ केंद्र स्थापित करने, कॉलेज में पार्किंग की समुचित व्यवस्था तथा कालेज के वेबसाईट को बेहतर किये जाने की मांग शामिल है। नगर मंत्री किसलय दूबे ने कहा कि कॉलेज प्रशासन के ढूल मूल रवैये के कारण कॉलेज की स्थिति बद से बदतर होते जा रही है, दस दिनों के अंदर समस्या का निदान नहीं हुआ तो परिषद चरणबद्ध आंदोलन करेगा। मौके पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विपिन यादव, सौरभ, पीयूष, आशीष, मिथिलेश आदि मौजूद थे।

## रजहरा-पड़वा ग्रामीण विकास समिति का विस्तार, अशोक चौहान अध्यक्ष



**नावा बाजार :** थाना के रजहारा कोठी में कोल माइंस को लेकर पंडवा एवं रजहारा के सैकड़ों ग्रामीणों की बैठक मंगलवार को कोठी गांव में हुई। सामाजिक कार्यकर्ता राजबली महरा की अध्यक्षता में हुई बैठक में नवगठित कमेटी ग्रामीण विकास समिति का विस्तार करते हुये उप मुखिया अशोक चौहान को सर्वसम्मति से अध्यक्ष मनोनीत किया गया। बैठक में स्थानीय मुद्दों पर गहन विचार विमर्श करते हुये वहां की रैयतों के साथ हो रहे भेदभाव व दोहरे मापदंड के खिलाफ जनसंघर्ष चलाने का निर्णय लिया गया। नवगठित कमेटी में संतन राउत सरदार को उपाध्यक्ष, रवीन्द्र चौहान को प्रधान सचिव, कमल कुमार को सचिव, सुभाष कुमार मेहता को कोषाध्यक्ष बनाया गया। वहीं निरंजन चौहान व अजित प्रजापति को मीडिया प्रभारी का दायित्व सौंपा गया। इसके अलावा सदस्यों में आसपास के कई लोगों को रखा गया है।

## लकड़ही उमवि में 15 दिन बाद बीपीओ की पहल पर शुरू हुआ मध्याह्न भोजन



**विश्रामपुर :** ग्रामीणों व शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों के पहल पर जिले के उंटारी रोड प्रखंड के मुरमा कला पंचायत अंतर्गत लकडही उत्क्रमित मध्य विद्यालय में पिछले 15 दिनों से बंद मध्याह्न भोजन को फिर से शुरू करा दिया गया गया है। उल्लेखनीय है कि पिछले दिन वहां के ग्रामीणों ने मुखिया के नेतृत्व में मध्यह्न भोजन बंद होने व शिक्षकों को नियमित स्कूल नहीं पहुंचने पर भारी हंगामा कर दोषी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की थी। तब बीईईओ महेंद्र प्रजापति के निदेर्शानुसार बीपीओ नरेंद्र सिंह स्कूल पहुंचकर मामले को शांत कराते हुये दोषी शिक्षक से स्पष्टीकरण पूछने व मध्यह्न भोजन चालू कराने का आश्वासन दिया था, उसके बाद स्थिति सामान्य हुई थी। बीपीओ नरेंद्र सिंह ने बताया कि मंगलवार से मध्याह्न भोजन शुरू करा दिया गया है। वहीं उन्होंने यह भी बताया कि जल्द ही हेडमास्टर का भी प्रभार बदल दिया जायेगा। बीपीओ श्री सिंह ने यह भी बताया कि वहां के अभिभावकों की शिकायतों को विभाग ने गंभीरता से लिया है। ग्रामीणों की शिकायत पर सभी शिक्षकों को नियमित समय पर प्रतिदिन स्कूल पहुंचने के लिय सख्त हिदायत दिया गया है। वहीं कार्यशैली में सुधार नहीं लाने पर विभागीय कार्रवाई से भी परहेज नहीं किया जायेगा।

**कोनमंडरा का उप स्वास्थ्य केंद्र तैयार, पर आज तक नहीं हुआ चालू**

# 55 लाख रु की लागत से बन कर तैयार है भवन

बंशीधर न्यूज




**भवनाथपुर :** एक ओर सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं को सुचारू बनाने के लिये लाखों-करोड़ों रुपये खर्च कर रही है। वहीं दूसरी ओर भवनाथपुर प्रखंड के कोनमंडरा में स्वास्थ्य व्यवस्था की जमीनी हकीकत निराशाजनक है। कैलान पंचायत के कोनमंडरा गांव में जिला परिषद मद से 55 लाख 50 हजार रुपए की लागत से उप स्वास्थ्य केंद्र का भवन बनकर तैयार है, लेकिन यह आज तक चालू नहीं हो पाया है। कोनमंडरा की लगभग 2500 की आबादी को प्राथमिक उपचार के लिये भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों को इलाज के लिये करीब 10 किलोमीटर दूर चपरी पंचायत के मुस्कनिया पहाड़ के पास संचालित उप स्वास्थ्य केंद्र तक पैसा खर्च कर जाना पड़ रहा है।

स्थानीय ग्रामीण शशि दुबे, शिवरतन उरांव और अन्य ग्रामीणों ने बताया कि जब उप स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण शुरू हुआ था, तो उनमें खुशी थी। लेकिन समय बीतने के साथ और भवन तैयार होने के बावजूद केंद्र चालू न होने से उनकी आशा निराशा में बदल गई है। ग्रामीणों का कहना है कि भवन पूरी तरह से तैयार है, लेकिन अब तक अस्पताल में एक भी डॉक्टर या एएनएम की पदस्थापना नहीं की जा सकी है, जिससे केंद्र चालू नहीं हो पा रहा है। प्राथमिक उपचार के अभाव में ग्रामीणों को छोटी-छोटी समस्याओं के लिये भी दूर भटकना पड़ रहा है। इस संबंध में जब सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा प्रभारी दिनेश कुमार सिंह से पूछा गया तो उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही कोनमंडरा का उप स्वास्थ्य केंद्र चालू कर दिया जायेगा। हालांकि यह जल्द कब आयेगा, इसका इंतजार गांव के लोग बेसब्री से कर रहे हैं।

# गीता केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि आधुनिक युग का मार्गदर्शक है : मदन प्रसाद



बंशीधर न्यूज

**गढ़वा :** शहर के ज्ञान निकेतन कान्वेंट स्कूल के सभागार में गीता जयंती के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के निदेशक सह शिक्षाविद मदन प्रसाद केशरी ने छात्र-छात्राओं को संबोधित किया। अपने संबोधन में निदेशक ने गीता जयंती के महत्व को बताते हुये कहा कि यह सनातन धर्म का अत्यंत पवित्र और महत्वपूर्ण पर्व है। यह उस शुभ तिथि का प्रतीक है जब मार्गशीर्ष माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी को भगवान श्रीकृष्ण ने कुरुक्षेत्र के युद्ध भूमि में अर्जुन को अमर उपदेश रूपी भागवत गीता का ज्ञान प्रदान किया था। उन्होंने गीता को केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि एक जीवन मार्गदर्शक ग्रंथ बताया, जिसमें कर्म, भक्ति, ज्ञान और योग का अद्भुत समन्वय मिलता है। निदेशक ने वर्तमान संदर्भ में गीता की प्रासंगिकता पर जोर देते हुये कहा गीता हमें सिखाती है कि मनुष्य को बिना फल की चिंता किये निरंतर अपने कर्तव्य का पालन करते रहना चाहिये। आज के तनावपूर्ण और व्यस्त जीवन में गीता का संदेश सकारात्मक सोच, मानसिक शांति और आत्मबल प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि गीता का नेतृत्व और प्रबंधन दृष्टिकोण आज की कॉर्पोरेट दुनिया में अत्यंत उपयोगी है, जिसे कई प्रबंधक अपने निर्णय लेने और टीमवर्क में अपनाते हैं। गीता मनुष्य को कर्तव्यनिष्ठ, न्यायप्रिय और निष्काम बनने का मार्ग दिखाती है, साथ ही विश्वास और चरित्र निर्माण में मदद करती है। निदेशक ने कहा कि गीता आधुनिक युग की जटिल समस्याओं और उलझनों से मुक्त करती है, इसलिये यह आधुनिक युग का मार्गदर्शक है। मंच संचालन विद्यालय के उपप्राचार्य बसंत ठाकुर ने किया। जबकि धन्यवाद ज्ञापन कृष्ण कुमार ने किया। मौके पर वीरेंद्र शाह, खुर्शीद आलम, विकास कुमार, नीरा शर्मा, वर्षा कुमारी, पूजा प्रकाश सहित कई शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित थे।

## न्यूज अपडेट्स

### शिक्षक के घर भीषण चोरी

**मेदिनीनगर :** मेदिनीनगर शहर थाना क्षेत्र अंतर्गत निमिया शिक्षक कॉलोनी स्थित घर में चोरों ने घर का ताला तोड़कर लगभग दो लाख के गहने और साढ़े ग्यारह रुपये नगद की चोरी कर ली है। घटना के वक्त घर में ताला लगा हुआ था और सभी बाहर गये हुये थे। पड़ोसी ने जब घर का ताला टूटा देखा तब मामले की जानकारी भुक्तभोगी शिक्षक बृजलेश सिंह को दी। इस संबंध में पीड़ित शिक्षक बृजलेश सिंह ने थाने में एफआईआर दर्ज कराई है।

### अफीम के साथ दो अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार

**मेदिनीनगर।** रांची के बुंडू थाना क्षेत्र के चक से उत्तरप्रदेश के बरेली तस्करी कर ले जायी जा रही एक क्विंटल एक केजी अफीम भूसी मेदिनीनगर सदर थाना क्षेत्र के सिंगराकला से बरामद किया गया है। मामले में दो अंतरराज्यीय तस्कर को भी गिरफ्तार किया गया है। अफीम भूसी कार संख्या (यूपी 25 डीवाई 0589) में चार अलग अलग बोरे में भरी हुई थी। चक गांव में अफीम भूसी 1400 रुपये किलो खरीदी जाती थी और बरेली में सात से आठ हजार रुपये किलो बेची जाती थी। जिले की एसपी रिष्मा रमेशन ने मंगलवार दोपहर एक बजे कार्यालय सभागार में बताया कि सोमवार को गुप्त सूचना मिली कि पांकी रोड से पड़वा की ओर एक सफेद रंग की कार से कुछ लोग अवैध अफीम डोडा की तस्करी कर ले जा रहे हैं सूचना के आलोक में सदर थाना प्रभारी लाल जी के नेतृत्व में कार्रवाई की गई और सिंगर कला गांव में एक लाइन होटल के समीप एनएच 39 पर संदिग्ध वाहनों की जांच की गई। इस क्रम में डालटनगंज की ओर से पड़वा की ओर एक कार तेज गति से आती दिखी। मिलती-जुलती गतिविधि दिखाई दे रही थी। पुलिस को देखकर कर चालक भागने का प्रयास किया लेकिन जवानों ने घेर कर पकड़ लिया । जांच करने पर चार प्लास्टिक के बोरे में एक क्विंटल 1 किलो 870 ग्राम अफीम भूसी बरामद की गयी।

## पलामू

### राहुल पाठक जैसे सरल व संस्कारी युवक का जाना भारी क्षति : केएन त्रिपाठी

# लाखों नम आंखों ने दी अंतिम विदाई

बंशीधर न्यूज



**मेदिनीनगर :** पलामू का ब्राह्मण समाज सोमवार को गम और सदमे में डूब गया। शादी के सिर्फ एक दिन बाद हुये भीषण सड़क हादसे में राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव के संस्थापक सदस्य राहुल पाठक की मौत से पूरे जिले में शोक की लहर दौड़ गई है। परिजनों के साथ-साथ मित्र, परिचित और समाज का हर तबका इस असहनीय घटना से व्यथित है। रेड़मा स्थित ठाकुरबाड़ी मंदिर परिसर में ब्राह्मण समाज ने परशुराम सेना भार्गव के बैनर तले श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरूआत राहुल पाठक की तस्वीर पर पुष्प और माल्यार्पण कर की गई। इसके बाद दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिये प्रार्थना की गई। वातावरण इतना भावुक था कि कई लोग अपने आंसू रोक नहीं पाये। पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने कहा कि यह ऐसी भगवान की लीला है, जो किसी पर न आय। शादी के एक दिन बाद ऐसा हादसा होना पूरे समाज को भीतर तक हिला देने वाला है। राहुल जैसे सरल और संस्कारी युवक का जाना भारी क्षति है। राहुल सिर्फ एक व्यक्ति नहीं, बल्कि हमारी आने वाली पीढ़ियों का प्रेरणा स्तंभ थे। समाज सेवा के प्रति उनका समर्पण अद्वितीय था। आज पूरा समाज अनाथ-सा महसूस कर रहा है। अर्जुन पांडेय उर्फ गुरु पांडेय ने कहा कि राहुल हमारे समाज का उज्ज्वल सितारा थे। हमेशा मुस्कुराते रहने वाले राहुल की ऊर्जा और मिलनसार स्वभाव ने हर दिल को छुआ था। उनका जाना अपूरणीय क्षति है, जिसे हम भर नहीं पाएंगे। परशुराम सेना भार्गव के संस्थापक अमित तिवारी ने कहा कि राहुल हमारे चार कंधों में से एक कंधा थे। उनका जाना संगठन ही नहीं, हम सबके दिलों पर चोट है। उन्होंने सदैव समाज के हर कार्य में अग्रणी भूमिका निभाई। सभा में विभाकर नारायण पांडेय, सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता विजय तिवारी, समाजसेवी आशीष भारद्वाज, मुकेश तिवारी, अभिषेक तिवारी, मधुकर शुक्ला, संजीत पांडेय, अरविंद पांडेय, देवेंद्र तिवारी, चंदन तिवारी, पिंकू तिवारी सहित बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता, वरिष्ठजन और युवा साथी मौजूद थे।



### सबको रुला कर चला गया राहुल : नवीन तिवारी

मेदिनीनगर : मंगलवार का दिन शहर के लिये सिर्फ एक तारीख नहीं, बल्कि एक ऐसा पल बनकर आया जिसे याद करते ही हर किसी की आंखें नम हो जाती हैं। अर्जुन पांडेय उर्फ गुरु पांडेय के आह्वान पर श्रद्धांजलि सभा में जब लोग भारी कदमों से पहुंचे, तो माहौल की खामोशी में दुःख की गूंज साफ सुनाई दे रही थी। हर चेहरे पर एक ही सवाल था इतनी जल्दी जाने की क्या जरूरत थी राहुल? सोमवार को हुये दर्दनाक सड़क हादसे ने परशुराम सेना के सक्रिय, मिलनसार और बेहद सरल हृदय वाले युवा कार्यकर्ता राहुल पाठक को ऐसी यात्रा पर भेज दिया, जहां से कोई लौटकर नहीं आता। उनकी अचानक मृत्यु ने न केवल परिवार को, बल्कि पूरे समाज को गहरे शोक और सदमे में डाल दिया। खबर जंगल में आग की तरह फैलते ही पूरे क्षेत्र में एक सन्नाटा छा गया। कोई समझ ही नहीं पा रहा था कि जिस राहुल को अभी कुछ दिन पहले ही नए जीवन की शुरूआत करते हुये मुस्कुराते देखा था, वही अब स्मृतियों में बदल चुका है। 29 नवंबर को राहुल की शादी ने घर-परिवार में वर्षों बाद आई खुशियों की बाढ़ ला दी थी। घर में रौनक थी, शहनाई की गूंज थी, रिश्तेदारों का तांता था और दुल्हन के कदमों के साथ एक नये सफर का शुभारंभ हुआ था। दोस्तों और परिजनों के बीच वह हर पल हंसते-बोलते दिखते थे। दूल्हे के चेहरे की वह चमक, उत्साह और सपनों से भरी आंखें सब कुछ मानो कल ही की बात हो। किसी ने कल्पना भी नहीं की थी कि वही घर कुछ ही दिनों बाद रोने बिलखने की आवाजों से भर जायेगा और एक नवविवाहिता दुल्हन की मेहंदी आंसुओं में घुल जायेगी। श्रद्धांजलि सभा में एक-एक व्यक्ति जैसे टूटता हुआ दिखाई दे रहा था। लोग चुप थे, लेकिन उनकी खामोशी राहुल के महत्व और उनके जाने के दर्द को बयान कर रही थी। हर कोई उन्हें याद कर रहा था उनकी हंसी, उनका अपनापन, हर किसी के लिये उपलब्ध रहने की उनकी आदत और समाज के लिये उनका समर्पण। सभा में वक्ताओं ने गहरे भावुक स्वर में राहुल के जीवन और व्यक्तित्व का स्मरण किया। उन्होंने बताया कि राहुल न सिर्फ एक संगठन का कार्यकर्ता थे, बल्कि एक भरोसेमंद मित्र, एक आदर्श पुत्र, और समाज के उन चुनिंदा युवाओं में से एक थे जो हमेशा दूसरों के लिये सोचते थे। उनकी अचानक विदाई ने कई सपने अधूरे छोड़ दिये अपने परिवार के, अपने साथी के, और उनके अपने भी। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिये दो मिनट का मौन रखा। कई लोग रो पड़े, कई लोग दुआओं में डूबे रहे। सभी ने ईश्वर से प्रार्थना की कि राहुल की आत्मा को शांति मिले और उनके परिवार को इस असहनीय दुःख को सहने की शक्ति प्राप्त हो। राहुल भले ही शरीर रूप में अब हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनकी मुस्कान, उनका स्नेह और समाज के लिए उनकी निष्ठा हमेशा लोगों के दिलों में जीवित रहेगी।

### समाज के दिलों में ऐसा दर्द छोड़ा है, जिसे भुलाना आसान नहीं होगा : अरुणा शंकर



**मेदिनीनगर :** सूदना निवासी मनोज पाठक के पुत्र राहुल कुमार पाठक की आकस्मिक सड़क दुर्घटना में मौत से पूरा क्षेत्र गमगीन है। नगर निगम की पूर्व महापौर अरुणा शंकर ने शोक संतप्त परिवार से मिलकर संवेदना व्यक्त किया। अरुणा शंकर ने कहा कि राहुल की अकाल मृत्यु अत्यंत दर्दनाक है। एक नवविवाहित युवक का यूं असमय चले जाना परिवार ही नहीं, पूरे समाज के लिये बड़ी क्षति है। जिस खुशी के माहौल में परिवार कुछ दिन पहले था, आज उसी घर में मातम पसरा है। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को शांति मिले और परिवार को यह असहनीय दुख सहने की शक्ति प्रदान हो। इसके पश्चात सभी लोगों ने रेड़मा ठाकुरबाड़ी पहुंचकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। अधिवक्ता विजय तिवारी और भाजपा नेता दिलीप तिवारी ने भी परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुये कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना समाज के लिये अत्यंत पीड़ादायी है। क्षेत्र में राहुल कुमार पाठक की इस असामयिक मृत्यु से गहरा शोक व्याप्त है। सभी ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा परिवार को धैर्य प्रदान करने की प्रार्थना की उनके साथ मौके पर सुनिल तिवारी, अभिषेक तिवारी, प्रमोद श्रीवास्तव धीरज मिश्रा समेत कई सामाजिक कार्यकर्ता और स्थानीय लोग भी मौजूद थे।

## 16 लाभुकों को मिली सरकारी योजनाओं की सौगात

# दुधारू पशुओं के साथ मिला बीमा कवर

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा :** कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के तत्वावधान में जिला गव्य विकास कार्यालय सोनपुरवा परिसर में दुधारू पशु मेला का आयोजन किया गया। इस आयोजन में विभिन्न पशु आपूर्ति कताओं द्वारा उत्तम नस्ल के दुधारू पशु लाये गये थे। लाभुकों को यह सुविधा दी गई कि वे स्वयं पशुओं का मोलभाव कर अपनी पसंद के पशु क्रय कर सकें। क्रय किये गये इन दुधारू पशुओं का वितरण डीसी दिनेश यादव द्वारा लाभुकों के बीच किया गया। इस पशु मेला में कुल 16 लाभुकों को सरकारी योजनाओं के तहत लाभान्वित किया गया। इनमें से सबसे अधिक 14 लाभुकों को दो गाय की योजना के तहत गायें मिलीं। जबकि पांच गाय और दस गाय की योजना के तहत एक-एक लाभुक को लाभ मिला। इसके अतिरिक्त कांडी प्रखंड के एक लाभुक को गाय की बीमा पॉलिसी बॉन्ड प्रदान की गई। वहीं एक अन्य लाभुक को बीमा क्लेम की स्वीकृति राशि का पत्र सौंपा गया, जिससे पशुपालन में सुरक्षा सुनिश्चित हुई। डीसी श्री यादव ने सभी लाभान्वितों को बधाई दी और उन्हें इस अवसर का पूरा लाभ उठाने तथा अपने दुधारू पशुओं की समुचित देखभाल करने की सलाह दी। मौके पर जिला पशुपालन पदाधिकारी विद्यासागर सिंह, जिला मत्स्य पदाधिकारी धनराज कापसे, जिला गव्य विकास पदाधिकारी गिरीश कुमार सहित कई अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, तीन घंटा कोयला परिवहन रहा बाधित

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र के मुरुप गांव के पास मंगलवार को हाइवा की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान बालूमाथ थाना क्षेत्र के उलाटू गांव निवासी राजू टाना भगत के रूप में हुई है। इधर घटना के विरोध में स्थानीय लोगों ने लगभग तीन घंटे तक लातेहार-मुरुप- हेरहंज पथ को जाम रखा। बाद में थाना प्रभारी की ओर से मृतक के परिजनों को सरकारी प्रावधान के तहत मुआवजा दिलाने के आश्वासन के बाद सड़क जाम हटाया गया। मिली जानकारी के अनुसार राजू टाना भगत मंगलवार को अपने एक रिश्तेदार के घर आया हुआ था। वह सड़क के किनारे टहल रहा था। इसी दौरान तुबेद कोलियरी से कोयला लेकर जा रहे तेज रफ्तार हाइवा ने उसे टक्कर मार दिया। इस घटना में राजू गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद स्थानीय लोगों ने उसे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया, लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया। ग्रामीण का कहना था कि राजू अपने घर का एकमात्र कमाने वाला सदस्य था। इसलिए उसके परिजनों को 10 लाख रुपये मुआवजा और सरकारी नौकरी दी जाए। बाद में थाना प्रभारी की ओर से ग्रामीणों को समझाने और ट्रांसपोर्टिंग कंपनी की ओर से मुआवजा दिए जाने की बात स्वीकार करने के बाद लोगों ने सड़क जाम हटाया।



## 'धुरंधर' को सेंसर बोर्ड से मिली हरी झंडी

रणवीर सिंह की मल्टीस्टारर फिल्म 'धुरंधर' को आखिरकार केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) से हरी झंडी मिल गई है। 5 दिसंबर को रिलीज होने जा रही इस फिल्म को लेकर चल रही बाधा अब दूर हो चुकी है। यह फैसला ऐसे समय में आया है जब मेजर मोहित शर्मा के माता-पिता ने दिल्ली उच्च न्यायालय में इसकी रिलीज पर रोक लगाने की मांग की थी। सेंसर बोर्ड का निर्णय निमार्ताओं के लिए बड़ी राहत है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक सीबीएफसी ने 'धुरंधर' को एक 'काल्पनिक कृति' (फिक्शन फिल्म) बताते हुए पास किया है। बोर्ड ने स्पष्ट कहा है कि फिल्म का दिवंगत मेजर मोहित शर्मा की वास्तविक जिंदगी से कोई प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष संबंध नहीं है। साथ ही यह भी निर्धारित किया गया कि फिल्म को अतिरिक्त जांच के लिए भारतीय सेना के पास भेजने की कोई आवश्यकता नहीं है। इस फैसले के बाद फिल्म की रिलीज का रास्ता पूरी तरह साफ हो गया है।

मेजर मोहित शर्मा के माता-पिता ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर आरोप लगाया था कि फिल्म में रणवीर सिंह द्वारा निभाया गया किरदार उनके बेटे की जिंदगी से प्रेरित प्रतीत होता है, वह भी बिना अनुमति। उन्होंने कोर्ट से आग्रह किया था कि सीबीएफसी फिल्म को प्रमाणपत्र देने से पहले पुनः जांच करे।

## रणवीर सिंह ने 'कांतारा' विवाद पर मांगी माफी



बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह हाल ही में अपनी एक टिप्पणी को लेकर विवादों में घिर गए हैं। आईएफएफआई 2025 के समापन समारोह के दौरान उन्होंने 'कांतारा चैप्टर 1' में ऋषभ शेट्टी द्वारा निभाए गए किरदार का अभिनय दोहराया था। समारोह का वीडियो वायरल होते ही कई लोगों ने रणवीर पर देवी चामुंडादेवी का अपमान करने का आरोप लगाया। हिंदू जनजागृति समिति ने इस पर शिकायत भी दर्ज कराई। बढ़ते विवाद को देखते हुए अभिनेता ने अपनी बात स्पष्ट करते हुए माफी मांगी है। रणवीर ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, ₹मेरा इरादा ऋषभ शेट्टी के अद्भुत अभिनय की सराहना करने का था। मैं जानता हूं कि उन्होंने उस दृश्य को कितनी मेहनत और समर्पण से निभाया है, और मैं उनका बड़ा प्रशंसक हूं। मैंने हमेशा देश की हर संस्कृति, परंपरा और आस्था का सम्मान किया है। यदि मेरी किसी बात से किसी की भावनाओं को ठेस पहुंची है, तो मैं दिल से माफी मांगता हूं। गोवा में आयोजित 56वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में रणवीर ने 'कांतारा चैप्टर 1' पर बात करते हुए कहा था, मैंने कांतारा चैप्टर 1 देखी। ऋषभ शेट्टी की परफॉर्मेंस शानदार थी। खासकर जब आपके अंदर फीमेल भूत आता है, तो आपने कमाल का शॉट दिया। उनकी इसी टिप्पणी को कई लोगों ने धार्मिक आस्था से जोड़कर आपत्तिजनक बताया। फिलहाल, रणवीर अपनी आगामी फिल्म 'धुरंधर' के प्रमोशन में व्यस्त हैं, जो 5 दिसंबर को रिलीज होने जा रही है।

## काशी-तमिल संगमम में हुआ उत्तरझ्रदक्षिण संस्कृति का अद्भुत संगम, मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ



# एक भारत-श्रेष्ठ भारत के संकल्प को सुदृढ़ व जीवंत कर रहा काशी तमिल संगमम : सीएम योगी



**वाराणसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार शाम नमोघाट पर काशी तमिल संगमम के चौथे संस्करण का रिमोट से बटन दबाकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से अपने वोकेशनल एजुकेशन में तमिल, कन्नड़, मलयालम, तेलुगू, मराठी और बंगाली जैसी भाषाओं को सम्मिलित किया है। छात्र अपनी रुचि के अनुसार इनमें से किसी एक भाषा का चयन करेंगे और सरकार उसका पूरा व्यय वहन करेगी। तमिल भाषा इस संदर्भ में एक नया मंच प्रदान कर रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रतिवर्ष रामेश्वरम, मदुरै और कन्याकुमारी धाम के दर्शन के लिए जाते हैं। पर्यटन विभाग विशेष यात्रा कार्यक्रमों का आयोजन करेगा, जिनके माध्यम से श्रद्धालुओं को रियायती दरों पर इन पवित्र स्थलों का दर्शन कराया जाएगा। यह कार्यक्रम भारत के भविष्य में निवेश के समान है। प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में काशी तमिल संगमम्‍ भारत के सांस्कृतिक पुनर्जागरण का प्रतीक बन चुका है। मुख्यमंत्री योगी ने वणक्कम काशी और हर-हर महादेव के उद्घोष के साथ सभी अतिथियों का तमिल भाषा में स्वागत किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में काशी तमिल संगमम्‍ का यह चौथा संस्करण एक भारत-श्रेष्ठ भारत के संकल्प को सुदृढ़ और जीवंत कर रहा है। उन्होंने कहा कि काशी और तमिल परंपरा के प्राचीन संबंधों के केंद्र में भगवान शिव हैं। इस संबंध-सेतु को आदि शंकराचार्य ने भारत के चारों कोनों में पवित्र पीठ स्थापित कर आगे बढ़ाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश का यह प्रवास काशी की शिवभक्ति, प्रयागराज का संगम और अयोध्या में धर्मध्वजा आरोहण के उपरांत प्रभु श्रीराम के दिव्य दर्शन का अद्वितीय आध्यात्मिक सौभाग्य प्रदान करेगा। यह आयोजन उत्तर और दक्षिण भारत की सांस्कृतिक, शैक्षिक, आर्थिक और आध्यात्मिक साझेदारी को सशक्त करते हुए भारत के उज्ज्वल भविष्य के नए द्वार खोल रहा है। इस वर्ष की थीम ह्यतमिल सीखेंह्ण प्रेरक है, जो ज्ञान, संस्कृति और भाषा के माध्यम से एक भारत-श्रेष्ठ भारत को और सुदृढ़ करेगी।

### सांस्कृतिक एकता का अद्वितीय उत्सव है काशी तमिल संगमम : उपराष्ट्रपति

कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने वर्चुअल माध्यम से काशी तमिल संगमम के चौथे संस्करण पर वीडियो संदेश जारी किया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2022 में आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान शुरू हुआ यह आयोजन अब राष्ट्रीय सांस्कृतिक मंच बन चुका है। संगमम्‍ गंगा और कावेरी की संस्कृति को जोड़ते हुए उत्तर और दक्षिण की सांस्कृतिक एकता का प्रतीक है। उपराष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री द्वारा हाल की मन की बात में कही गई इस टिप्पणी को याद किया कि यह संगम दुनिया की सबसे प्राचीन भाषाओं में से एक और सबसे प्राचीन जीवित शहर का मिलन है। उन्होंने प्रसन्नता जताई कि तमिल भाषा को राष्ट्रीय स्तर पर उसका उचित सम्मान मिल रहा है। उन्होंने इस वर्ष की थीम ₹आइए तमिल सीखें₹ को भाषाई और सांस्कृतिक सौहार्द बढ़ाने वाला बताया। तमिल भाषा सिखाने आए 50 हिंदीभाषी शिक्षकों की पहल की सराहना की, जो वाराणसी के 50 विद्यालयों में 1,500 छात्रों को प्रशिक्षण दे रहे हैं। तेनकासी से काशी तक चल रही प्रतीकात्मक अगत्यर यात्रा को उन्होंने सांस्कृतिक संबंधों के पुनर्स्मरण का महत्वपूर्ण प्रयास बताया।

### एक जन-आंदोलन बन गया है काशी-तमिल संगमम : प्रधान

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि काशी पवित्रता, ज्ञान तथा अध्यात्म की धरती है। भारत की इन दोनों संस्कृतियों के बीच सदियों पुराना नाता रहा है। आप तमिलनाडु के किसी भी मंदिर या स्थान पर जाइए तो आप पाएंगे कि वहां पर विभिन्न स्थानों पर काशी विश्वनाथ महादेव का श्री विग्रह विद्यमान हैं। जिस प्रकार रामेश्ववरम के प्रति दक्षिण भारत में श्रद्धा है, काशी विश्वनाथ के प्रति भी लोगों में उसी प्रकार आस्था है। यही हमारी सभ्यता व संस्कृति की पहचान है।

## 1 क्विंटल से अधिक डोडा भूसी के साथ दो तस्कर गिरफ्तार



**मेदिनीनगर :** सदर थाने की पुलिस ने 1 क्विंटल से अधिक डोडा भूसी के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में यूपी बरेली के गॉटिया पुराना शहर अंतर्गत एजाज नगर निवासी मो चांद व जीशान शामिल है। पुलिस ने उनके पास से 1 क्विंटल 1 किलो 870 ग्राम डोडा भूसी, तीन मोबाईल फोन व एक सफेद रंग की एर्टिगा कार जब्त किया है। प्रेसवार्ता में इसकी जानकारी देते हुये पलामू एसपी रिष्मा रमेशन ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि पांकी रोड से पड़वा की ओर एक सफेद रंग की कार से कुछ व्यक्ति अवैध रूप से डोडा भूसी की तस्करी के लिये जा रहे हैं। सूचना के सत्यापन के बाद सदर थाना प्रभारी ने सिंगरा गांव के निकट स्थित एनएच-39 पर डालटनगंज की ओर से तेज गति से आ रही कार के वाहन चालक ने पुलिस को चकमा देकर भागने का प्रयास किया, लेकिन चौकस पुलिस ने तत्परता दिखाते हुये वाहन को घेरकर रोक लिया। वाहन की तलाशी के क्रम में उक्त कार से कुल 4 प्लास्टिक बोरा में डोडा भूसी बरामद की गई। वाहन में सवार दोनों युवकों ने पुलिस को बताया कि वे रांची जिले के बुंडू स्थित चक गांव से डोडा भूसी खरीदकर यूपी के बरेली में बेचने के लिये ले जा रहे थे। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत सदर थाना में एफआईआर दर्ज कर दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। मौके पर एसडीपीओ मणि भूषण प्रसाद, प्रशिक्षु डीएसपी राजीव रंजन, थाना प्रभारी लाल जी, एएसआई सुजीत कुमार पांडेय व पंकज कुमार तिवारी, पुलिस जवान बचन राम, विनय कुमार सिंह, चन्द्र प्रकाश भगत व रामाशीष सिंह मौजूद थे।

## 10 घंटे में पर्स छिनतई कांड का खुलासा

**मेदिनीनगर :** पलामू पुलिस ने सोमवार को हुई पर्स छिनतई की घटना का सिर्फ 10 घंटे में सफल उद्भेदन कर अपराधी को गिरफ्तार कर लिया। त्वरित पुलिस कार्रवाई के कारण पीड़िता का मोबाईल, पर्स और घटना में प्रयुक्त बुलेट बाईक भी बरामद कर ली गई। पीड़िता जनकपुरी मंदिर निवासी सुनिता देवी दोपहर में करीब साढ़े ग्यारह बजे बाजार जा रही थीं। इसी दौरान पांकी रोड में सुरेश सिंह चौक के पास एक बुलेट बाईक सवार युवक उनके हाथ से पर्स छीनकर फरार हो गया। पर्स में मोबाईल फोन, साढ़े दस हजार नगद, आधार कार्ड, एटीएम कार्ड, बैंक पासबुक और सोने का टूटा हुआ टॉप था। सूचना मिलते ही पुलिस ने शहर थाने में एफआईआर दर्ज कर अपराधी की तलाश में जुट गई। एसपी रिष्मा रमेशन ने फौरन विशेष अनुसंधान टीम का गठन किया। टीम ने सीसीटीवी फुटेज खंगाला और मात्र 10 घंटे में अपराधी की पहचान कर उसे दबोच लिया। घटना का खुलासा करते हुये एसपी रिष्मा रमेशन ने कहा कि पलामू पुलिस अपराध पर त्वरित कार्रवाई के लिये प्रतिबद्ध है। किसी भी परिस्थिति में कानून हाथ में लेने वालों को बख्शा नहीं जायेगा। ऐसी घटनाओं में शामिल व्यक्तियों पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी। जनता भरोसा रखे, पुलिस हर समय उनकी सुरक्षा के लिये तत्पर है। उन्होंने आम लोगों से किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की है। गिरफ्तार अभियुक्त विक्की कुमार शहर थाने के पांकी रोड बारालोटा का निवासी है।

## पुतिन की यात्रा के दौरान परमाणु ऊर्जा, एसयू-57, एस-400 पर समझौता होने की संभावना

**नई दिल्ली।** रूस के राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन की आगामी भारत यात्रा के दौरान एक ओर जहां पांचवीं पीढ़ी के सुखोई-57 लड़ाकू विमानों और हवाई प्रतिरक्षा प्रणाली एस-400 की खरीद के साथ जेट इंजन के प्रौद्योगिकी हस्तांतरण एवं संयुक्त निर्माण तथा छोटे परमाणु संयंत्रों की स्थापना पर समझौते होने की संभावना है वहीं दोनों देश अमेरिकी टैरिफ के कारण द्विपक्षीय व्यापार में आ रहीं बाधाओं को दूर करने के लिए किसी फॉमूर्ले पर सहमति दे सकते हैं। गुरुवार को शुरू हो रही रूसी राष्ट्रपति पुतिन की भारत यात्रा से पहले क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने वीडियो लिंक के माध्यम से भारतीय पत्रकारों के साथ एक प्रेस वार्ता में इसकी पुष्टि की। इसका आयोजन रूसी समाचार एजेंसी स्पूतनिक ने किया था। क्रेमलिन के प्रवक्ता ने कहा कि रूसी नेतृत्व रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रुख का आदर करता है और युद्ध समाप्त करने के लिए अमेरिकी योजना का भी समर्थन करता है लेकिन यूरोपीय नेता चाहते हैं कि यह युद्ध यूक्रेन के अंतिम नागरिक की मौत होने तक बंद ना हो और इसीलिए वे यूक्रेन को लगातार वित्तीय एवं सैनिक मदद दे रहे हैं। पेस्कोव ने कहा, ₹रूस-भारत संबंध केवल राजनयिक प्रोटोकॉल और व्यापार समझौतों का एक मानक सेट नहीं है, बल्कि यह उससे भी बहुत अधिक महत्वपूर्ण है। हमारा द्विपक्षीय संबंध आपसी समझ, साझीदारी और वैश्विक मामलों की साझा दृष्टि और अंतरराष्ट्रीय कानून, कानून के शासन और एक दूसरे के हितों को ध्यान में रखने की क्षमता के विशाल तंत्र की गहरी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर आधारित है। यह हमारे संबंधों की एक बहुत ही महत्वपूर्ण विशेषता है। हमें गर्व है कि हम अपने भारतीय मित्रों के ऐतिहासिक विकास के दौरान उनके साथ कंधे से कंधा मिला कर सहयोग कर रहे हैं।

## एडीजे वन संजय कुमार सिंह ने बैंकों के शाखा प्रबंधकों के साथ की बैठक, दिये कई निर्देश

# 13 दिसंबर को आयोजित होगा राष्ट्रीय लोक अदालत

बंशीधर न्यूज

**श्री बंशीधर नगर :** अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय परिसर में मंगलवार को एडीजे वन संजय कुमार सिंह, एडीजे टू मनोज कुमार त्रिपाठी एवं एसडीजेएम सह अनुमंडलीय विधिक सेवा समिति के सचिव आलोक ओझा की अध्यक्षता में सभी बैंकों के शाखा प्रबंधकों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) नई दिल्ली एवं झालसा के निर्देशार्नुसार 13 दिसंबर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों की समीक्षा करना था। इस दौरान एसडीजेएम सह अनुमंडलीय विधिक सेवा समिति के सचिव आलोक ओझा ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत संपूर्ण भारत में एक साथ आयोजित किया जा रहा है और इसके तहत अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय नगर ऊंटारी में भी व्यापक स्तर पर इसका संचालन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि बैठक में सभी बैंक शाखा प्रबंधकों को निर्देश दिया गया कि बैंक से ऋण लेने वाले लोग लोक अदालत में अपने ऋणों का भुगतान कर राहत प्राप्त कर सकते हैं।इसके लिये बैंकों के द्वारा विशेष सहूलियत और समझौता प्रक्रिया अपनायेंगी जिससे अधिक से अधिक ऋणधारक लाभान्वित हो सकें। राष्ट्रीय लोक अदालत में वन विभाग से संबंधित मामलों, मोटर वाहन अधिनियम के प्रकरणों तथा व्यवहार न्यायालय में लंबित सुलहनीय मामलों का आपसी समझौते के आधार पर निपटारा किया जायेगा। उन्होंने कहा कि लोक अदालत विवादों के त्वरित तथा किफायती समाधान का एक प्रभावी माध्यम है, इसलिये लोगों को इसका लाभ लेने का आग्रह किया गया। बैठक में एसबीआई के शाखा प्रबंधक सरोज कुमार केसरी, सेंट्रल बैंक पाल्हे कला के शाखा प्रबंधक रंजीत पांडेय, पुरैनी के शाखा प्रबंधक देवाशीष मुर्मू, पीएनबी के शाखा प्रबंधक मनीष कुमार मेहता समेत कई बैंकों के शाखा प्रबंधक उपस्थित थे।



प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक-धीरेन्द्र चौबे, संपादक-धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)